**विज्ञापन सं. सीपीआरआई/02/2022**
**महत्वपूर्ण निर्देश**

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन भरने के पात्र हैं।

2. आवेदन भरने से पूर्व, उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं।

3. विज्ञापन में अधिसूचित रिक्तियों की संख्या चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर बदला जा सकता है तथा इसके अनुसार अधिसूचित आरक्षण भी बदल सकता है।

4. निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव न्यूनतम आवश्यकता है तथा केवल उसके होने से उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने के पात्र नहीं होंगे। आवश्यक योग्यता न्यूनतम योग्यता है जो निर्दिष्ट पद के लिए आवेदन भरने के लिए अनिवार्य है।

5. पात्र आवेदनों की संख्या अत्यधिक होने के मामले में , सीपीआरआई इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड 1 के पद के लिए उम्मीदवारों को सीमित करने और गेट स्कोर के आधार पर लघुसूचीबद्ध करने का अधिकार रखता है। इंजीनियरिंग अधिकारी ग्रेड 1 के पद के लिए, सीपीआरआई कट-ऑफ गेट स्कोर मेरिट और शाखा के अनुसार भरे जाने वाले पदों की संख्या तय करने का अधिकार रखता है।

6. सीपीआरआई, कारण बताकर या कारण बताए बिना किसी भी मानदण्ड, चयन की विधि को बदलने (रद्द करने/संशोधित करने / जोडने) का अधिकार रखता है।

7. मोबाइल संख्या, ई मेल पता अथवा तकनीकी दोष या सीपीआरआई के नियंत्रण से परे कुछ कारणों से उम्मीदवारों को यदि सूचना/जानकारी न पहुँच पाए तो यह सीपीआरआई की जिम्मेदारी नहीं होगी। उम्मीदवारों को अद्यतन सूचनाओं के लिए सीपीआरआई वेबसाइट https://cpri.res.in पर कड़ी नज़र रखने की सलाह दी जाती है।

8. आवेदनों की पात्रता, स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधि, गेट स्कोर मेरिट के कट ऑफ अंक का निर्धारण से संबंधित सभी मामलों में सीपीआरआई का निर्णय अंतिम होगा तथा उम्मीदवार इसका पालन करने के लिए बाध्यकारी होंगे तथा उम्मीदवारों की ओर से किसी भी व्यक्ति या अभिकरण से इस संबंध में कोई जाँच अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे कोई भी ऐसे ब्यौरे न प्रस्तुत करें जो असत्य हो, जिसमें हेर फेर की गई हो, गढ़ी हुई हो और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ। यदि दुराचार/प्रतिरूपण/प्रचार/अनुचित साधनों के प्रयोग से वह दोषी पाया जाए तो उन्हें दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया से निरर्ह किया जाएगा। यदि उम्मीदवार को आगे की प्रक्रिया के लिए विचार किया जाता है, जिनका विवरण/सूचना चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में असत्य पाया गया तो सीपीआरआई के उत्तरदायित्व के बिना उसकी उम्मीदवारी तुरंत बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जाएगी।

10. किसी भी तरह का प्रचार उम्मीदवार की उम्मीदवारी को निरर्हता के लिए जिम्मेदार बना देगा।

11. परीवीक्षा अवधि प्रारंभ में दो वर्ष के लिए होगी। इस पदों के लिए एनपीएस योगदान/छुट्टी/एलटीसी/चिकित्सा लाभ और भत्ते के सेवा लाभ भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार रहेंगे।

12. संस्थान में नियुक्ति होने पर अखिल भारतीय स्थानांतरण की देयता रहेगी।सम्प्रति सीपीआरआई के एकक बेंगलूर, भोपाल, नोएडा, हैदराबाद, नागपुर, कोलकाता, गुवाहाटी और नासिक में हैं ।

13. भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन जानकारी के लिए उम्मीदवारअपने ई मेल और सीपीआरआई वेबसाइट https://cpri.res.in की नियमित रूप से जाँच करें।

14. मान्य गेट स्कोर, शैक्षिक योग्यता और निर्दिष्ट आयु सीमा रखने वाले उम्मीदवार ही पद के लिए आवेदन भरने के पात्र होंगे। अतः विज्ञापन में प्रत्येक पद के तहत अलग पैरा तथा उप पैरा में उल्लिखित निर्धारित सभी शर्तों को ध्यान से पढ़ने की सलाह दी जाती है तथा आवेदन भरने से पूर्व पद के लिए उनकी उपयुक्तता के बारे में खुद को संतुष्ट कर लें।

15. अंतिम क्षण की जल्दबाजी से बचने के लिए उम्मीदवारों को शीघ्र आवेदन भरने की सलाह दी जाती है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने में नेटवर्क समस्या अथवा किसी अन्य समस्या के लिए सीपीआरआई जिम्मेदार नहीं होगा । निर्धारित अनुलग्नकों के साथ ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय पाए किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिए भी सीपीआरआई जिम्मेदार नहीं होगा।

16. एएमआईई की योग्यता के साथ आवेदन भरने वाले उम्मीदवारों के पास अकेले खंड बी में 65% अंक या सीजीपीए 6.84 होना चाहिए (एएमआईई उम्मीदवारों की योग्यता एमएचआरडी आदेश संख्या 11-15-2011-एआर (टीएस. II) दिनांक 6.12.2012 के अनुसार विनियमित की जाएगी। 31.5.2013 तक एएमआईई के लिए नामांकित और पाठ्यक्रम पूरा करने वाले उम्मीदवार ही पात्र हैं) ।

**ऑन लाइन आवेदन का पंजीकरण एवं प्रस्तुति** :

1. पात्र उम्मीदवार केवल सीपीआरआई की ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से ही आवेदन जमा कर सकते हैं ।
2. वेबसाइट पर अपने आवेदनों को पंजीकृत करने एवं प्रस्तुत करने से पूर्व, उम्मीदवार के पास निम्नलिखित होना चाहिए- :

   ए. मान्य स्वतः ई-मेल आई डी एवं मोबाइल सं.

   बी. श्वेत पृष्ठभूमि में उम्मीदवार का अद्यतन पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो की स्कैन प्रति।

   सी. उम्मीदवार का स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर।

   डी. पीडीएफ प्रारूप में यथा लागू एसएसएलसी / एसएससी / मैट्रिक प्रमाणपत्र / डिग्री प्रमाणपत्र और मार्क्स कार्ड, गेट स्कोर कार्ड, एनओसी की स्कैन किए गए प्रतियां।

3. **फोटोग्राफ** : ऑन-लाइन आवेदन में निर्धारित जगह पर हाल ही की एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो (तीन माह से अधिक पुरानी न हो) स्कैन कर अपलोड किया जाए।

4. **हस्ताक्षर**: ऑन लाइन आवेदन में निर्धारित जगह पर श्वेत पृष्ठभूमि पर (काली स्याही में) किए गए हस्ताक्षर को स्कैन कर अपलोड किया जाए। उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि अपलोड किया गया हस्ताक्षर सभी स्थानों पर समान रखा जाएगा। यदि हस्ताक्षरों में कोई भिन्नता पाई गई तो उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है। उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वे उपयुक्त स्थान पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाला/पहचाने जाने वाला हस्ताक्षर अपलोड करें।

5. ऑन लाइन पंजीकरण करने के लिए पहले उम्मीदवार को **https://cpri.res.in** पर लॉगऑन करना चाहिए।

6. मान्य पंजीकरण संख्या प्राप्त करने के बाद, सिस्टम ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए लिंक प्रदर्शित करेगा। उम्मीदवार जिस पद के लिए आवेदन भरना चाहें, उस लिंक पर क्लिक करें। **आवेदन का कोई भी अन्य साधन या विधि मंजूर नहीं की जाएगी।**

7. आवेदकों द्वारा ऑन लाइन आवेदन फार्म में दी गई सूचना के आधार पर आवेदनों की जाँच किए जाने के कारण यह आवश्यक है कि केवल यथार्थ , पूर्ण और सही जानकारी आवेदकों द्वारा प्रस्तुत की जाए। झूठी / गलत जानकारी प्रस्तुत करना निरर्हता मानी जाएगी तथा ऐसी झूठी / गलत सूचना पेश करने पर किसी भी परिणाम के लिए सीपीआरआई जिम्मेदार **नहीं** होगा।

8. आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता, प्रमाणपत्र / प्रशंसापत्र, जाति, वर्ग आदि के निर्धारण की तारीख ऑन लाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख **21.02.2022** होगी।

9. आरक्षण/छूट आरक्षित पदों के लिए मात्र लागू है तथा सामान्य वर्ग पदों के लिए पात्रता मानदंड में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

10. शुल्क की छूट भारत सरकार के मानदण्डों के अनुसार लागू होगी।

11. अनु जा/अनु जन जा/अपिव/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदार आवेदन फार्म में अपने- अपने वर्ग को ध्यान से भरें। फार्म में एक बार वर्ग का उल्लेख किए जाने के बाद इसे किसी भी परिस्थिति में बदला **नहीं** जाएगा। इस संबंध में कोई भी गलत सूचना प्रस्तुत करने पर उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया जाएगा। उम्मीदवार को दस्तावेज सत्यापन के समय अपने दावे के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे।

12. अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी का लाभ उठाने वाले उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे भारत सरकार (**न कि राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार**) के अंतर्गत पदों की नियुक्ति के लिए बने केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में आते है तथा नवोन्नत वर्ग से ताल्लुक **नहीं रखते**। उम्मीदवार को दस्तावेज सत्यापन के समय **परिशिष्ट- I** में दी गई प्रोफार्मा में अ पि व प्रमाणपत्र व वचन बद्धता प्रस्तुत करनी होगी। किसी भी स्थिति में किसी अन्य प्रोफार्मा में प्रमाणपत्र स्वीकृत नहीं किया जाएगा। यदि उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए प्रोफार्मा में (परिशिष्ट - I) में प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाया तो इस पद के लिए उसकी उम्मीदवारी को सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

13. **ईडब्ल्यूएस** (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) से संबंधित उम्मीदवारों को कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं 36039/1/2019 – स्था (आरक्षण) दिनांक 31/01/2019 के अनुसार निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र का प्रस्तुत करना आवश्यक है।

14. केंद्र/राज्य सरकार/अर्ध सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/राज्य सरकार स्वायत्त निकायों जैसे सरकारी सेवा में कार्यरत उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पेश करते समय संबंधित नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की प्रतिलिपि अपलोड करे तथा एनओसी के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी उचित माध्यम से भेजी जानी चाहिए, अन्यथा आवेदन पर आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नही किया जाएगा ।

15. उल्लिखित सभी शैक्षिक योग्यताएँ भारत सरकार द्वारा मान्य यूजीसी/ एआईसीटीई / राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय/संस्थानों /बोर्डों से प्राप्त हों।

16. ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर के मामले में उम्मीदवार निकटतम दो दशमलव तक प्राप्त अंक, सीजीपीए प्रतिशत अधिकतम अंक का उल्लेख करें। प्रतिशत का अंश नज़र अंदाज़ कर दिया जाएगा यानि 64.99% को 65% से कम माना जाएगा तथा इसलिए पात्र नहीं होगें।

17. प्रमाणपत्रों में घोषित/उल्लिखित प्रतिशत अंकों/सीजीपीए के आधार पर ही प्रतिशत अंक को निर्दिष्ट किया जाएगा।

18. एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जाएगा।

19. दोहरी अर्हता / विशेषज्ञता के मामले में उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय यह प्रमाण प्रस्तुत करना होगा कि उनकी प्रमुख विशेषज्ञता पद के लिए निर्धारित अपेक्षित पात्रता मानदंड के अनुरूप है।

20. **आनलाइन आवेदनों को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पूर्व उम्मीदवार आवेदन की पूर्व समीक्षा करें व सुनिश्चित करें कि उन्होंने सही सूचना दी हैं तथा पद के लिए निर्धारित योग्यता के समर्थन में यथास्थिति अपलोड किया गया गेट स्कोर कार्ड, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, सएसएलसी/ एसएससी/ मैट्रिक मार्क्सकार्ड, संबंधित नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), डिग्री/अनंतिम प्रमाणपत्र तथा सभी मार्क्सकार्ड अपलोड किया है।** यह भी सुनिश्चित करें कि स्केन किए तथा अपलोड किए गए दस्तावेज स्पष्ट है तथा धुँधला/ अस्पष्ट नहीं है, अन्यथा इसे दुबारा अपलोड करें अथवा उस पृष्ठ को रीलोड अथवा रीफ्रेश करें।

21. **निर्धारित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियाँ अपलोड करने में असफल होने पर आवेदन अमान्य माना जाएगा तथा अस्वीकृत किया जाएगा।**

22. किसी भी कॉलम में गलत सूचना देने पर आवेदन को, बिना किसी कारण के सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जा सकता है।

23. **शुल्क का भुगतानः** जैसे ही उम्मीदवार एक बार ऑनलाइन में अपना आवेदन प्रस्तुत करता है, आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए सिस्टम में एक लिंक दिखाई देगा। उम्मीदवारों को उस लिंक पर क्लिक करना होगा तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। भुगतान डेबिट/क्रेडिटकार्ड/नेट बैंकिंग द्वारा पेमेंट गेट वे के माध्यम से किया जा सकता है। निर्धारित शुल्क के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा सरसरी तौर पर खारिज़ कर दिया जाएगा। ऐसी अस्वीकृति के विरुद्ध अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

24. **आवेदन के लिए भुगतान किया जानेवाला आवेदन शुल्कः**

| | |
|---|---|
| इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड .1 | रु.200.00 |

ए) अनु जाति/अनु जन जाति/ वि व्यक्ति / भूतपूर्व सैनिकों / महिला उम्मीदवारों एवं सीपीआरआई के विभागीय उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान की छूट दी गई है।

बी) जिन उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान की छूट दी गई है (अनु जाति/अनु. जन जाति/वि व्यक्ति/भूत पूर्व सैनिक/ महिला एवं विभागीय उम्मीदवार), जैसे ही वे ऑनलाइन में अपना डाटा प्रस्तुत करते हैं, सिस्टम में एक एकमात्र पंजीकरण संख्या का एक पंजीकरण प्रपत्र निकलेगा। उम्मीदवार उसे सुरक्षित कर प्रिंट आउट लें ताकि अर्हता, सबूत, कार्य अनुभव इत्यादि के साथ प्रस्तुत कर सकें।

25. आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के आनलाइन भुगतान के लिए वहन किया गया बैंक लेन देन शुल्क, यदि कोई हो तो, उम्मीदवार को यह खर्च स्वयं करना होगा।

26. एक बार प्रदत्त शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। किसी भी पद के लिए आवेदन देने और आवेदन शुल्क के भुगतान से पहले उम्मीदवार पद के लिए अपनी पात्रता एवं शुल्क रियायत के लिए अपनी पात्रता की जाँच करें। यह ध्यान रखें कि आवेदन शुल्क उस पद के लिए आवेदन भरने के लिए मात्र है जो उम्मीदवारों को लघु सूचीयन / दस्तावेज सत्यापन आदि के जैसे आगे की प्रक्रिया के लिए पात्र बनने के लिए कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगा तथा इस मामले में सीपीआरआई का निर्णय अंतिम होगा।

27. किसी भी परिस्थिति में एक बार पंजीकृत ऑनलाइन आवेदनों को वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा एक बार प्रदत्त आवेदन शुल्क की न तो धन वापसी की जाएगी और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए रिज़र्व में रखा जाएगा।

28. **ऑनलाइन आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तारीख 21.02.2022 है।** उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख का इंतज़ार किए बिना समय से पहले ही ऑनलाइन में अपना आवेदन प्रस्तुत करें।

29. ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति में नेटवर्क समस्या अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या के लिए सीपीआरआई जिम्मेदार नहीं होगा।

**30. महत्वपूर्ण तारीखें**

| **क्र. सं.** | **विवरण** | **तारीख** |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ होने की तिथि | 31.01.2022(10.00 बजे पूर्वाह्न) |
| 2 | ऑनलाइन पंजीकरण समापन तारीख | 21.02.2022(5.00 बजे अप) |
| 3 | आवेदन शुल्क भुगतान ऑनलाइन | 31.01.2022(10.00 पू) से 21.02.2022 (5.00 अप) |
| 4 | शैक्षिक अर्हता, ऊपरी आयु सीमा के उद्देश्य के लिए विच्छेदक तिथि | 21.02.2022 |
| 5 | चयनित उम्मीदवारों की सूची की घोषणा | बाद में सूचित की जाएगी। |

31. **महत्वपूर्ण लिंक**

| | |
|---|---|
| 1 | फार्मेट अ.पि.व जाति प्रमाणपत्र |
| 2 | फार्मेट अनु जन जा प्रमाणपत्र |
| 3 | फार्मेट अनु जा प्रमाणपत्र |
| 4 | फार्मेट ईडब्ल्यूएस जाति प्रमाणपत्र |

**यह लिंक / पृष्ठ आईई 8 और इससे ऊपर, मोजिल्ला फायरफाक्स एवं गूगल क्रोम में बेहतर दिखता है।**

**चयन प्रक्रिया**

1. सीपीआरआई ऑनलाइन आवेदन में उम्मीदवार द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा के आधार पर संस्थान की आवश्यकता के अनुसार उम्मीदवारों को लघुसूचीबद्ध करने का अधिकार रखता है और विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार सीपीआरआई द्वारा यथा निर्धारित मानदंडों के आधार पर ऑनलाइन जमा किए गए डेटा की जाँच करेगा ।

2. **चयन प्रक्रिया इस प्रकार होगी**:

| **पदनाम** | **चयन प्रक्रिया** |
|---|---|
| **इंजीनियरी अधिकारी ग्रेड 1** | योग्य उम्मीदवारों का चयन मेरिट के क्रम में उनके मान्य गेट स्कोर (2020/2021) के आधार पर होगा।<br><br>रैंकिंग के लिए कट-ऑफ गेट स्कोर तय करने और साथ ही शाखा अर्थात इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी / इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनकैशन (संचार) इंजीनियरी / मैकेनिकल इंजीनियरी / केमिकल इंजीनियरी के अनुसार भरे जाने वाले पदों की संख्या तय करने का अधिकार सीपीआरआई रखता है । |

3. केवल पात्र और लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों को **बेंगलूर में** दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।

4. दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलावा पत्र केवल उम्मीदवार के दिए पंजीकृत ईमेल आईडी पर ईमेल द्वारा ही भेजे जाएँगे।

5. उम्मीदवार को अपने खर्च पर बेंगलूर में दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होना पड़ेगा।

6. चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में उम्मीदवार का प्रवेश पूर्णतया अस्थायी होगा बशर्ते कि वह निर्धारित पात्रता शर्तों को संतोषजनक तौर पर पूरा करें। यदि किसी भी समय, चयन प्रक्रिया के पूर्व या पश्चात् सत्यापन पर, यह पाया जाए कि उम्मीदवार पात्रता शर्तों में किसी भी शर्त को पूरा न करता हो, किसी भी समय कोई सूचना झूठी या गलत पाई जाए तो बिना कोई सूचना दिए/उसकी क्षतिपूर्ति किए बिना उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी और नियमों व विनियमों के अनुसार उसके विरुद्ध कार्रवाई शुरू की जाएगी।

7. उम्मीदवारों को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :

सीपीआरआई द्वारा यथा अपेक्षित दस्तावेज सत्यापन के समय अथवा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी उत्तरवर्ती चरण पर सत्यापन के लिए मूल प्रमाण-पत्र ।

**ए**. गेट स्कोर के प्रमाण में शंसापत्र, जन्म तिथि के प्रमाण के लिए जैसे मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र / माध्यमिक स्कूल छोडने का प्रमाण - पत्र / एसएससी / X कक्षा अंक पत्र ।

**बी**. उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षों /सेमिस्टरों की अंक तालिकाओं के साथ शैक्षणिक अर्हता प्रमाण पत्र।

**सी** . संबंधित संगठन द्वारा विधिवत् प्रमाणित अर्हता के बाद के अनुभव के तौर पर कंपनी के पत्रशीर्ष (यथा लागू) में अनुभव/सेवा प्रमाण-पत्र जिसमें संभाले गए पद, सेवा अवधि, सकल वेतन, अनुभव का क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख हो ।

**डी**. सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित भारत सरकार के फार्मेट में जाति/वर्ग प्रमाण-पत्र (अनु जा/अनु जन जा/अ पि व / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मामले में यथा लागू) ।

**ई**. केन्द्रीय/राज्य सरकार/क्वासी सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक / स्वायत्त निकाय आदि में कार्यरत उम्मीदवारों के मामले में नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र ।

**यह चयन सत्यापन के लिए प्रस्तुत मूल दस्तावेजों की जाँच पर निर्भर है।**

टेलीफोन/मोबाइल/एसएमएस आदि पर कोई भी अंतरिम मौखिक पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा और सभी प्रश्न, यदि कोई हो तो, इस उद्देश्य के लिए दी गई ई-मेल "*recruitment@cpri.in*" को संबोधित करे। किसी भी अन्य प्रकार के पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा।

यदि अंग्रेजी और हिंदी रूपांतरित विज्ञापन के बीच कोई अंतर पाया जाए, तो अंग्रेजी रूपांतरण में जारी विज्ञापन लागू होगा ।

* * * * * * * * * * * * * * *